हिंदी-विभाग

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र

(प्रदेश विधायिका एक्ट 12ए 1956 के तहत स्थापित)

('ए+ श्रेणी' राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा प्रदत्त)

बी ए (आनर्स) हिंदी पाठ्यक्रम

सी.बी.सी.एस. (चयन-आधारित क्रेडिट पद्धति), सत्र 2020-21 से चरणबद्ध तरीके से लागू

कोर्स कोड	कोर्स का नाम	क्रेडिट	शिक्षण घंटे / प्रति सप्ताह	परीक्षा की स्कीम (अंक)			
				परीक्षा	आंतरिक मूल्यांकन	कुल अंक	समय
सेमेस्टर - I							
BH-HIN-CC-101	हिंदी साहित्य का इतिहास (रीतिकाल तक)	6	5+1(Tutorial)	120	30	150	3 घंटे
BH-HIN-CC-102	हिंदी साहित्य का इतिहास (आधुनिक काल)	6	5+1(Tutorial)	120	30	150	3 घंटे
BH-HIN-AECC-103	हिंदी व्याकरण और संप्रेषण	2	2	40	10	50	2 घंटे
BH-HIN-GE-104	कला और साहित्य	6	5+1(Tutorial)	120	30	150	3 घंटे
सेमेस्टर - II							
BH-HIN-CC-201	आदिकालीन एवं मध्यकालीन हिंदी कविता	6	5+1(Tutorial)	120	30	150	3 घंटे
BH-HIN-CC-202	आधुनिक हिंदी कविता (छायावाद तक)	6	5+1(Tutorial)	120	30	150	3 घंटे
BH-HIN-AECC-203	हिंदी भाषा और संप्रेषण कौशल	2	2	40	10	50	2 घंटे
BH-HIN-GE-204	हिंदी की सांस्कृतिक पत्रकारिता	6	5+1(Tutorial)	120	30	150	3 घंटे
सेमेस्टर - III							
BH-HIN-CC-301	छायावादोत्तर हिंदी कविता	6	5+1(Tutorial)	120	30	150	3 घंटे
BH-HIN-CC-302	भारतीय काव्यशास्त्र	6	5+1(Tutorial)	120	30	150	3 घंटे
BH-HIN-CC-303	पाश्चात्य काव्यशास्त्र	6	5+1(Tutorial)	120	30	150	3 घंटे
BH-HIN-SEC-304	रचनात्मक लेखन	2	2	40	10	50	2 घंटे
BH-HIN-GE-305	संपादन प्रक्रिया और साज सज्जा	6	5+1(Tutorial)	120	30	150	3 घंटे

सेमेस्टर - IV							
BH-HIN-CC-401	भाषा विज्ञान और हिंदी भाषा	6	5+1(Tutorial)	120	30	150	3 घंटे
BH-HIN-CC-402	हिंदी उपन्यास	6	5+1(Tutorial)	120	30	150	3 घंटे
BH-HIN-CC-403	हिंदी कहानी	6	5+1(Tutorial)	120	30	150	3 घंटे
BH-HIN-SEC-404	अनुवादः सिद्धांत और प्रविधि	2	2	40	10	50	2 घंटे
BH-HIN-GE-405	आधुनिक भारतीय कविता	6	5+1(Tutorial)	120	30	150	3 घंटे
सेमेस्टर - V							
BH-HIN-CC-501	हिंदी नाटक एवं एकांकी हिंदी	6	5+1(Tutorial)	120	30	150	3 घंटे
BH-HIN-CC-502	हिंदी निबंध एवं अन्य गद्य विधाएं	6	5+1(Tutorial)	120	30	150	3 घंटे
BH-HIN-DSE-503	राष्ट्रीय काव्यधारा	6	5+1(Tutorial)	120	30	150	3 घंटे
BH-HIN-DSE-504	प्रेमचंद	6	5+1(Tutorial)	120	30	150	3 घंटे
BH-HIN-GE-505	सर्जनात्मक लेखन के विविध क्षेत्र	6	5+1(Tutorial)	120	30	150	3 घंटे
सेमेस्टर -VI							
BH-HIN-CC-601	हिंदी की साहित्यिक पत्रकारिता	6	5+1(Tutorial)	120	30	150	3 घंटे
BH-HIN-CC-602	प्रयोजनमूलक हिंदी	6	5+1(Tutorial)	120	30	150	3 घंटे
BH-HIN-DSE-603	अस्मितामूलक विमर्श और हिंदी साहित्य	6	5+1(Tutorial)	120	30	150	3 घंटे
BH-HIN-DSE-604	लोक साहित्य	6	5+1(Tutorial)	120	30	150	3 घंटे
BH-HIN-GE-605	पाश्चात्य दार्शनिक चिंतन एवं हिंदी साहित्य	6	5+1(Tutorial)	120	30	150	3 घंटे

पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

- व्यवहारिक व व्यावसायिक जीवन में भाषा का विशेषकर हिंदी भाषा का सही प्रयोग कर सकेगा।
- हिंदी भाषा के विकास के माध्यम से भाषा के सैद्धांतिक पहलुओं तथा उसके परिवर्तन की दिशाओं का बोध होगा।
- हिंदी साहित्य की विभिन्न धाराओं व परंपराओं की समझ विकसित होगी। विभिन्न युगों, धाराओं व रचनाकारों के साहित्य की विशिष्टताओं की समझ बढ़ेगी।
- समकालीन साहित्य के विविध गद्य व पद्य रूपों के माध्यम से अपने युग का बोध होगा।
- साहित्य की विभिन्न विधाओं में रचनात्मक लेखन व संप्रेषण की क्षमता विकसित होगी।
- साहित्य संसार व वास्तविक संसार के यथार्थ के प्रति आलोचनात्मक समझ विकसित होगी और संवेदनशील व्यक्तित्व का विकास होगा।
- साहित्य के सौंदर्य, कला तथा वैचारिक मूल्यों के प्रति विवेक का निर्माण होगा।
- व्यक्तित्व विकास व जीवनयापन के लिए भाषायी कौशल, कंप्यूटर, अनुवाद, पत्रकारिता, जनसंचार, रंगमंच, चलचित्र आदि के बारे में सैद्धांतिक व व्यावहारिक ज्ञान होगा।
- भारतीय समाज और सांस्कृतिक जीवन के विभिन्न पक्षों में अन्तर्निहित एकता के तत्त्वों का परिचय व पहचान होगी। देश व समाज की एकता-अंखडता की भावना विकसित होगी।
- उद्यमशीलता की अंतर्दृष्टि व भविष्यदृष्टि का विकास होगा।
- संदर्भ आधारित ग्रहण क्षमता के माध्यम से काल-परिस्थिति सापेक्ष ठोस विश्लेषणात्मक प्रवृत्ति का विकास होगा।

सेमेस्टर -1

BH-HIN-CC-101-हिंदी साहित्य का इतिहास (रीतिकाल तक)

क्रेडिट - 6 **कुल अंक-150**

समय-3 घंटे, **परीक्षा अंक - 120, आंतरिक मूल्यांकन - 30**

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

हिंदी साहित्य के इतिहास से परिचय।

पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

- हिंदी भाषा के विकास के सोपानों की पहचान।
- हिंदी साहित्य की विभिन्न धाराओं व साहित्यिक परपंराओं से परिचय। भक्तिकालीन विभिन्न धाराओं की वैचारिक पृष्ठभूमि की समझ।
- हिंदी साहित्य के विभिन्न पड़ावों व बदलाव के बिंदुओं की पहचान व भारतीय इतिहास के साथ उसकी तर्कसंगति का अध्ययन।
- हिंदी साहित्यकारों की रचना क्षमता व अभिव्यक्ति की विशिष्टताओं की पहचान।

परीक्षा संबधी निर्देश - पाठ्यक्रम चार इकाइयों में विभक्त है। प्रश्न पत्र तीन खंडों में विभक्त होगा।

- **समीक्षात्मक प्रश्न -** निर्धारित पाठ्यक्रम की चारों इकाइयों में से आंतरिक विकल्प सहित एक-एक समीक्षात्मक प्रश्न पूछा जाएगा। विद्यार्थी को प्रत्येक का उत्तर देना होगा। प्रत्येक के लिए 15 अंक निर्धारित हैं।
- **लघूत्तरी प्रश्न -** निर्धारित समस्त पाठ्यक्रम में से दस लघूत्तरी प्रश्न पूछे जाएंगे। विद्यार्थी को इनमें से छः के (लगभग 150 शब्दों में) उत्तर देने होंगे। प्रत्येक के लिए 8 अंक निर्धारित हैं।
- **वस्तुनिष्ठ प्रश्न -** निर्धारित समस्त पाठ्यक्रम में 12 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगें। विद्यार्थी को प्रत्येक का उत्तर देना होगा। इसमें कोई विकल्प नहीं होगा। प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित हैं।

पाठ्य विषय

इकाई 1

- इतिहास लेखन और साहित्येतिहास लेखन
- हिंदी साहित्य इतिहास लेखन की परंपरा
- हिंदी साहित्य का काल विभाजन एवं नामकरण,
- आदिकाल की विशेषताएं
- आदिकालीन सिद्ध काव्यधारा की काव्यगत विशेषताएं

- आदिकालीन नाथ काव्यधारा की काव्यगत विशेषताएं
- आदिकालीन प्रमुख रासो काव्यधारा की काव्यगत विशेषताएं
- आदिकालीन लौकिक काव्य और प्रमुख कवि (विद्यापति, अमीर खुसरो)

इकाई 2

- भक्ति आन्दोलन: सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि,
- संतकाव्य की वैचारिक पृष्भूमि
- संत काव्यधारा की काव्यगत विशेषताएं और प्रमुख कवि
- सूफीकाव्य की वैचारिक पृष्ठभूमि
- सूफी काव्यधारा की काव्यगत विशेषताएं और प्रमुख कवि

इकाई 3

- कृष्णकाव्य की वैचारिक पृष्ठभूमि
- कृष्ण काव्यधारा की काव्यगत विशेषताएं और प्रमुख कवि
- रामकाव्य की वैचारिक पृष्ठभूमि
- राम कव्यधारा की काव्यगत विशेषताएं और प्रमुख कवि

इकाई 4

- रीतिकाल की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि,
- रीतिबद्ध काव्यधारा की काव्यगत विशेषताएं
- रीतिसिद्ध काव्यधारा की काव्यगत विशेषताएं
- रीतिमुक्त काव्यधारा की काव्यगत विशेषताएं

सहायक पुस्तकें

- हिंदी भाषा का इतिहास - धीरेंद्र वर्मा
- हिन्दी साहित्य का इतिहास- रामचंद्र शुक्ल
- हिन्दी साहित्य का आदिकाल- हजारी प्रसाद द्विवेदी
- हिन्दी साहित्य की भूमिका- हजारी प्रसाद द्विवेदी
- हिंदी साहित्य और संवेदना का विकास - रामस्वरूप चतुर्वेदी
- हिंदी साहित्य का इतिहास - (सं.) डा. नगेंद्र
- हिंदी साहित्य का दूसरा इतिहास - बच्चन सिंह
- हिंदी साहित्य का इतिहास - लालचंद गुप्त मंगल
- हिंदी साहित्यः इतिहास के आइने में - डॉ. सुभाष चंद्र

BH-HIN-CC-102-हिंदी साहित्य का इतिहास (आधुनिक काल)

क्रेडिट - 6 **कुल अंक-150**
समय-3 घंटे, **परीक्षा अंक - 120, आंतरिक मूल्यांकन - 30**

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

हिंदी साहित्य के इतिहास से परिचय।

पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

- आधुनिक काल की वैचारिक पृष्ठभूमि की समझ।
- हिंदी साहित्य के विभिन्न पड़ावों व बदलाव के बिंदुओं की पहचान व भारतीय इतिहास के साथ उसकी तर्कसंगति का अध्ययन।
- भारतीय पुनर्जागरण के मुद्दे व अंतर्विरोधों की पहचान।
- भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन व साहित्य के संबंधों की समझ

परीक्षा संबधी निर्देश - पाठ्यक्रम चार इकाइयों में विभक्त है। प्रश्न पत्र तीन खंडों में विभक्त होगा।

- **समीक्षात्मक प्रश्न -** निर्धारित पाठ्यक्रम की चारों इकाइयों में से आंतरिक विकल्प सहित एक-एक समीक्षात्मक प्रश्न पूछा जाएगा। विद्यार्थी को प्रत्येक का उत्तर देना होगा। प्रत्येक के लिए 15 अंक निर्धारित हैं।
- **लघूत्तरी प्रश्न -** निर्धारित समस्त पाठ्यक्रम में से दस लघूत्तरी प्रश्न पूछे जाएंगे। विद्यार्थी को इनमें से छः के (लगभग 150 शब्दों में) उत्तर देने होंगे। प्रत्येक के लिए 8 अंक निर्धारित हैं।
- **वस्तुनिष्ठ प्रश्न -** निर्धारित समस्त पाठ्यक्रम में 12 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगें। विद्यार्थी को प्रत्येक का उत्तर देना होगा। इसमें कोई विकल्प नहीं होगा। प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित हैं।

पाठ्य विषय

इकाई 1

- आधुनिक काल की सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि
- हिन्दी नवजागरण
- भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन
- भारतेन्दु युगीन साहित्य की विशेषताएँ,
- महावीर प्रसाद द्विवेदी और उनका युग

इकाई 2

- छायावादः प्रवृतियां और प्रमुख कवि

- प्रगतिवादः प्रवृतियां और प्रमुख कवि
- प्रयोगवादः प्रवृतियां और प्रमुख कवि
- नई कविताः प्रवृतियां और प्रमुख कवि
- समकालीन कविताः प्रवृतियां और प्रमुख कवि

इकाई 3

- हिंदी नाटकः उद्भव और विकास
- हिंदी निबंधः उद्भव और विकास
- हिंदी उपन्यासः उद्भव और विकास
- हिंदी कहानीः उद्भव और विकास
- हिंदी पत्रकारिताः उद्भव और विकास

इकाई 4

- हिंदी रेखाचित्रः उद्भव और विकास
- संस्मरणः उद्भव और विकास
- हिंदी आत्मकथाः उद्भव और विकास
- हिंदी जीवनीः उद्भव और विकास
- अस्मितामूलक विमर्श (दलित, स्त्री व आदिवासी)

सहायक पुस्तकें

- हिन्दी साहित्य का इतिहास- रामचंद्र शुक्ल
- आधुनिक साहित्य की प्रवृत्तियां - नामवर सिंह
- हिंदी साहित्य और संवेदना का विकास - रामस्वरूप चतुर्वेदी
- हिंदी साहित्य का इतिहास - (सं.) डा. नगेंद्र
- हिंदी साहित्य का दूसरा इतिहास - बच्चन सिंह
- हिंदी साहित्य का इतिहास - लालचंद गुप्त मंगल
- हिंदी साहित्यः इतिहास के आइने में - डा. सुभाष चंद्र

BH-HIN-AECC-103-हिंदी व्याकरण और संप्रेषण

क्रेडिट - 2 **कुल अंक-50**

समय- 2 घंटे, **परीक्षा अंक - 40, आंतरिक मूल्यांकन - 10**

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

हिंदी व्याकरण तथा उसके अनुप्रयोग के लिए।

पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

- हिंदी भाषा का सही उच्चारण कर पाएगा।
- हिंदी व्याकरण के नियमों का ज्ञान।
- भाषा का मानक व शुद्ध प्रयोग करने में सक्षम।

परीक्षा संबधी निर्देश - प्रश्न पत्र तीन खंडों में विभक्त होगा।

- **समीक्षात्मक प्रश्न** - निर्धारित पाठ्यक्रम में से 4 समीक्षात्मक प्रश्न पूछे जायेंगे। विद्यार्थी को 2 का उत्तर देना होगा। प्रत्येक के लिए 8 अंक निर्धारित हैं।
- **लघूत्तरी प्रश्न -** निर्धारित समस्त पाठ्यक्रम में से 7 लघूत्तरी प्रश्न पूछे जाएंगे। विद्यार्थी को इनमें से 4 के उत्तर देने होंगे। प्रत्येक के लिए 4 अंक निर्धारित हैं।
- **वस्तुनिष्ठ प्रश्न -** निर्धारित समस्त पाठ्यक्रम में 8 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगें। विद्यार्थी को प्रत्येक का उत्तर देना होगा। इसमें कोई विकल्प नहीं होगा। प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित हैं।

पाठ्य विषयः

- व्याकरण का स्वरूप और महत्व
- व्याकरण और भाषा का संबंध
- देवनागरी लिपि का मानकीकरण
- हिंदी की वर्ण-व्यवस्था: स्वर एवं व्यंजन। स्वर के प्रकार - ह्रस्व, दीर्घ तथा संयुक्त।
- हिंदी भाषा शब्द भंडार - तत्सम, तद्भव, देशज, विदेशी
- शब्द निर्माण - उपसर्ग, प्रत्यय,
- पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द,
- संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया
- मुहावरे, लोकोक्तियां
- हिंदी वाक्य रचना, वाक्य और उपवाक्य, वाक्य के भेद
- शब्द शुद्धि और वाक्य शुद्धि

सहायक पुस्तकें

- हिन्दी व्याकरण - कामता प्रसाद गुरु
- हिन्दी शब्दानुशासन - किशोरीदास वाजपेयी
- हिन्दी भाषा की संरचना - भोलानाथ तिवारी
- परिष्कृत हिन्दी व्याकरण - बदरी नाथ कपूर
- सामान्य हिन्दी - हरदेव बाहरी
- सामान्य हिन्दी - डॉ. पृथ्वी नाथ पाण्डेय

BH-HIN-GE-104-कला और साहित्य

क्रेडिट - 6 **कुल अंक-150**

समय-3 घंटे, **परीक्षा अंक - 120, आंतरिक मूल्यांकन - 30**

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

कला और साहित्य से परिचय।

पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

- साहित्य और अन्य कलाओं के अंतसंबंधों का बोध।
- साहित्य और कला के विभिन्न आयामों की आलोचनात्मक समझ।
- साहित्य व कला के सैद्धांतिक व व्यावहारिक पक्षों की समझ का विस्तार।

परीक्षा संबधी निर्देश - प्रश्न पत्र तीन खंडों में विभक्त होगा।

- **समीक्षात्मक प्रश्न** - निर्धारित पाठ्यक्रम में से 7 समीक्षात्मक प्रश्न पूछे जायेंगे। विद्यार्थी को 4 का उत्तर देना होगा। प्रत्येक के लिए 15 अंक निर्धारित हैं।
- **लघूत्तरी प्रश्न -** निर्धारित समस्त पाठ्यक्रम में से 10 लघूत्तरी प्रश्न पूछे जाएंगे। विद्यार्थी को इनमें से 6 के उत्तर (लगभग 150 शब्दों में) देने होंगे। प्रत्येक के लिए 8 अंक निर्धारित हैं।
- **वस्तुनिष्ठ प्रश्न -** निर्धारित समस्त पाठ्यक्रम में 12 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगें। विद्यार्थी को प्रत्येक का उत्तर देना होगा। इसमें कोई विकल्प नहीं होगा। प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित हैं।

पाठ्य विषयः

- कला और साहित्य का अंतस्संबंध
- कला और समाज का अंतस्संबंध
- कला में दीर्घजीविता के तत्व और उपकरण
- भारतीय कला का विकास
- भारतीय कला का सौंदर्यशास्त्रीय महत्व
- कला और हिन्दी साहित्य के सम्बंध की परपंरा
- लोक-कला और साहित्य
- साहित्य के मूल्यांकन में कला का महत्व
- भारतीय नाटय कला
- साहित्य, कला और विचारधारा
- कला कला के लिए
- कला जीवन के लिए
- वर्तमान में साहित्य और कला की प्रासंगिकता
- साहित्य, कला और बाजार

सहायक पुस्तकें

- साहित्य और कला - भगवतशरण उपाध्याय
- साहित्य के सिद्धांत और रूप - भगवतीचरण वर्मा
- साहित्य-सहचर - हजारी प्रसाद द्विवेदी
- साहित्य और कला - कार्ल मार्क्स और एंगेल्स
- साहित्य का समाजशास्त्र - मैनेजर पांडेय
- साहित्य और इतिहास दृष्टि - मैनेजर पांडेय
- कला साहित्य और संस्कृति - लू शुन, वाणी प्रकाशन, 2014
- कला और संस्कृति - रजनी
- कार्ल मार्क्स : कला और साहित्य चिन्तन - नामवर सिंह
- साहित्य और समाज - रामधारी सिंह दिनकर
- आधुनिक साहित्य की प्रवृतियां - नामवर सिंह

सेमेस्टर -II

BH-HIN-CC-201-आदिकालीन एवं मध्यकालीन हिंदी कविता

क्रेडिट - 6 **कुल अंक-150**

समय-3 घंटे, **परीक्षा अंक - 120, आंतरिक मूल्यांकन - 30**

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

आदिकालीन व मध्यकालीन कविता से परिचित करवाने के लिए।

पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

- आदिकालीन व मध्यकालीन कविता का बोध होगा।
- सगुण, निर्गुण, रीतिकाल के विभिन्न कवियों की काव्य विशिष्टता की पहचान कर पायेंगे।
- मध्यकालीन भाषा व अभिव्यक्ति के विभिन्न रूपों की पहचान होगी।
- हिंदी काव्य परंपरा की जानकारी मिलेगी।

परीक्षा संबधी निर्देश - प्रश्न पत्र पांच खंडों में विभक्त होगा।

- **व्याख्या खंड** - पाठ्यक्रम में निर्धारित रचनाओं से दो पाठांश दिए जायेंगे। विद्यार्थी को किसी एक की संदर्भ सहित व्याख्या करनी होगी। इसके लिए 10 अंक निर्धारित हैं।
- **पाठ-बोध खंड -** पाठ्यक्रम में निर्धारित रचनाओं से एक पाठांश तथा तत्संबंधी 5 प्रश्न दिए जायेंगे। विद्यार्थी को उस पाठांश के आधार पर उत्तर देने होंगे। इसके लिए 10 अंक निर्धारित हैं।
- **समीक्षात्मक खंड -** पाठ्यक्रम में निर्धारित रचनाकारों के साहित्यिक परिचय, उनके साहित्य की विषयवस्तु, मूल संवेदना व रचना-सौष्ठव संबंधी पांच समीक्षात्मक प्रश्न पूछे जायेंगें। विद्यार्थी को किंही तीन का उत्तर देना होगा। प्रत्येक के लिए 16 अंक निर्धारित हैं।
- **लघूत्तरी खंड -** निर्धारित पाठ्यक्रम में से आठ लघूत्तरी प्रश्न पूछे जाएंगे। विद्यार्थी को इनमें से पांच के उत्तर (लगभग 150 शब्दों में) देने होंगे। प्रत्येक के लिए 8 अंक निर्धारित हैं।
- **वस्तुनिष्ठ खंड -** निर्धारित समस्त पाठ्यक्रम में से 12 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगें। विद्यार्थी को प्रत्येक का उत्तर देना होगा। इसमें कोई विकल्प नहीं होगा। इसके लिए 12 अंक निर्धारित हैं।

निर्धारित कवि व उनका काव्य

1. अमीर खुसरो
2. कबीरदास
3. रैदास
4. सूरदास
5. तुलसीदास

6. रहीम
7. मीराबाई
8. बिहारी
9. घनानंद
10. चिंतमणि
11. गरीबदास

सहायक पुस्तकें

- हिन्दी साहित्य का इतिहास- रामचन्द्र शुक्ल
- मध्यकालीन बोध और साहित्यः- हजारी प्रसाद द्विवेदी
- तुलसीदास और उनका युग- डॉ. रामविलास शर्मा
- कबीर एक नई दृष्टि- रघुवंश
- कबीर के आलोचक- डॉ. धर्मवीर
- कबीर- गोविन्द त्रिगुणायत
- कबीर- हजारी प्रसाद द्विवेदी
- मीराबाई- परशुराम चतुर्वेदी

BH-HIN-CC-202-आधुनिक हिंदी कविता (छायावाद तक)

क्रेडिट - 6 **कुल अंक-150**

समय-3 घंटे, **परीक्षा अंक - 120, आंतरिक मूल्यांकन - 30**

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

आधुनिक कविता (छायावाद तक) से परिचय।

पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

- आधुनिक काल की पृष्टभूमि से परिचय।
- आधुनिक काल के कवियों की काव्य क्षमता का बोध।
- नवजागरण व राष्ट्र के निर्माण की प्रक्रिया का ज्ञान।
- आधुनिक हिंदी कविता के प्रमुख हस्ताक्षरों की कविता का आलोचनात्मक बोध।

परीक्षा संबधी निर्देश - प्रश्न पत्र पांच खंडों में विभक्त होगा।

- **व्याख्या खंड** - पाठ्यक्रम में निर्धारित रचनाओं से दो पाठांश दिए जायेंगे। विद्यार्थी को किसी एक की संदर्भ सहित व्याख्या करनी होगी। इसके लिए 10 अंक निर्धारित हैं।
- **पाठ-बोध खंड -** पाठ्यक्रम में निर्धारित रचनाओं से एक पाठांश तथा तत्संबंधी 5 प्रश्न दिए जायेंगे। विद्यार्थी को उस पाठांश के आधार पर उत्तर देने होंगे। इसके लिए 10 अंक निर्धारित हैं।
- **समीक्षात्मक खंड -** पाठ्यक्रम में निर्धारित रचनाकारों के साहित्यिक परिचय, उनके साहित्य की विषयवस्तु, मूल संवेदना व रचना-सौष्ठव संबंधी पांच समीक्षात्मक प्रश्न पूछे जायेंगें। विद्यार्थी को किंही तीन का उत्तर देना होगा। प्रत्येक के लिए 16 अंक निर्धारित हैं।
- **लघूत्तरी खंड -** निर्धारित पाठ्यक्रम में से आठ लघूत्तरी प्रश्न पूछे जाएंगे। विद्यार्थी को इनमें से पांच के उत्तर (लगभग 150 शब्दों में) देने होंगे। प्रत्येक के लिए 8 अंक निर्धारित हैं।
- **वस्तुनिष्ठ खंड -** निर्धारित समस्त पाठ्यक्रम में से 12 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगें। विद्यार्थी को प्रत्येक का उत्तर देना होगा। इसमें कोई विकल्प नहीं होगा। इसके लिए 12 अंक निर्धारित हैं।

निर्धारित कवि व उनकी कविताएं

1. भारतेंदु
2. अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
3. मैथिलीशरण गुप्त
4. जयशंकर प्रसाद
5. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
6. सुमित्रानंदन पंत
7. महादेवी वर्मा
8. रामधारी सिंह दिनकर

सहायक पुस्तकें

- आधुनिक हिन्दी कविता का इतिहास- डॉ. नन्दकिशोर नवल
- छायावाद- नामवर सिंह
- प्रसाद का काव्य- डॉ. प्रेम शंकर
- महीमसी महादेवी- गंगा प्रसाद पांडेय
- निराला की साहित्य साधना(दूसरा भाग)- रामविलास शर्मा
- साकेतः एक अध्ययन- डॉ. नगेन्द्र
- कामायनीः एक पुनर्विचार- मुक्तिबोध
- कामायनी के अध्ययन की समस्याएं- डॉ. नगेन्द्र

BH-HIN-AECC-203-हिंदी भाषा और संप्रेषण कौशल

क्रेडिट - 2 **कुल अंक-50**

समय- 2 घंटे, **परीक्षा अंक - 40, आंतरिक मूल्यांकन - 10**

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

संप्रेषण की विधियों और सिद्धांतों से परिचय के लिए। हिंदी भाषा में अपेक्षित संप्रेषण के लिए।

पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

- हिंदी भाषा में अपेक्षित संप्रेषण कर पाएगा।
- संप्रेषण की विधियों को सीखकर हिंदी भाषा में मौखिक व लिखित रूप में अपेक्षित व प्रभावी संप्रेषण करने में सक्षम होगा।

परीक्षा संबधी निर्देश - प्रश्न पत्र तीन खंडों में विभक्त होगा।

- **समीक्षात्मक प्रश्न** - निर्धारित पाठ्यक्रम में से 4 समीक्षात्मक प्रश्न पूछे जायेंगे। विद्यार्थी को 2 का उत्तर देना होगा। प्रत्येक के लिए 8 अंक निर्धारित हैं।
- **लघूत्तरी प्रश्न -** निर्धारित समस्त पाठ्यक्रम में से 7 लघूत्तरी प्रश्न पूछे जाएंगे। विद्यार्थी को इनमें से 4 के उत्तर देने होंगे। प्रत्येक के लिए 4 अंक निर्धारित हैं।
- **वस्तुनिष्ठ प्रश्न -** निर्धारित समस्त पाठ्यक्रम में 8 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगें। विद्यार्थी को प्रत्येक का उत्तर देना होगा। इसमें कोई विकल्प नहीं होगा। प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित हैं।

पाठ्य विषयः

- भाषा का स्वरुप एवं विशेषताएं
- हिंदी भाषा का विकास
- हिंदी भाषा के विविध रूप - संपर्क भाषा, राजभाषा, राष्ट्रभाषा
- हिंदी की संविधानिक स्थिति
- देवनागरी लिपि का मानकीकरण
- संप्रेषण की अवधारणा एवं महत्व
- संप्रेषण के प्रकार - मौखिक और लिखित
- संप्रेषण में बाधाएं और चुनौतियां
- संप्रेषण के विविध रूप - साक्षात्कार, भाषण, संवाद, सामूहिक चर्चा आदि।
- संप्रेषण के माध्यम
- जनसंचार के लिए लेखन

सहायक पुस्तकें

- हिन्दी भाषा का उद्भव और विकास - उदयनारायण तिवारी, भारती भंडार
- हिन्दी भाषा और लिपि का ऐतिहासिक विकास - सत्यनारायण तिवारी
- राष्ट्रभाषा हिन्दी : समस्याएँ और समाधान - देवेन्द्रनाथ शर्मा
- प्रयोजनमूलक हिन्दी - दंगल झाल्टे, वाणी प्रकाशन
- प्रयोजनमूलक हिन्दी - प्रो. रमेश जैन, नेशनल पब्लिशिंग हाउस
- राजभाषा सहायिका - अवधेश मोहन गुप्त, प्रभात प्रकाशन
- जनसंचारिकी सिद्धांत और अनुप्रयोग - प्रो. राम लखन मीना, कल्पना प्रकाशन
- जनमाध्यमों का मायाजाल - नोम चॉम्स्की
- जनसंपर्क सिद्धांत और व्यवहार - अर्जुन तिवारी

BH-HIN-GE-204-हिंदी की सांस्कृतिक पत्रकारिता

क्रेडिट - 6 **कुल अंक-150**

समय-3 घंटे, **परीक्षा अंक - 120, आंतरिक मूल्यांकन - 30**

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

हिंदी की सांस्कृतिक पत्रकारिता से परिचय

पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

- सांस्कृतिक पत्रकारिता के सैद्धांतिक व व्यावहारिक पक्षों का ज्ञान।
- सांस्कृतिक पत्रकारिता में दक्षता।
- सांस्कृतिक पत्रकारिता की आलोचनात्मक समझ का विकास।
- सांस्कृतिक चेतना का विकास

परीक्षा संबधी निर्देश - प्रश्न पत्र तीन खंडों में विभक्त होगा।

- **समीक्षात्मक प्रश्न** - निर्धारित पाठ्यक्रम में से 7 समीक्षात्मक प्रश्न पूछे जायेंगे। विद्यार्थी को 4 का उत्तर देना होगा। प्रत्येक के लिए 15 अंक निर्धारित हैं।
- **लघूत्तरी प्रश्न -** निर्धारित समस्त पाठ्यक्रम में से 10 लघूत्तरी प्रश्न पूछे जाएंगे। विद्यार्थी को इनमें से 6 के उत्तर (लगभग 150 शब्दों में) देने होंगे। प्रत्येक के लिए 8 अंक निर्धारित हैं।
- **वस्तुनिष्ठ प्रश्न -** निर्धारित समस्त पाठ्यक्रम में 12 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगें। विद्यार्थी को प्रत्येक का उत्तर देना होगा। इसमें कोई विकल्प नहीं होगा। प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित हैं।

पाठ्य विषयः

- सांस्कृतिक पत्रकारिता: अवधारणा, अर्थ और महत्व। परम्परागत, आधुनिक और उत्तर आधुनिक समाज। संस्कृति, लोकसंस्कृति, लोकप्रिय संस्कृति, अपसंस्कृति। बाजार, संस्कृति और संचार माध्यम।
- सांस्कृतिक संवाद: अर्थ, भेद और विशेषताएँ। सांस्कृतिक संवाददाता की योग्यताएँ: आस्वादन, अन्वीक्षण, कल्पनाशीलता आदि। सांस्कृतिक संवाद के क्षेत्रों का परिचय - मंचकला, पर्यटन, पुरातत्व संग्रहालय आदि।
- मंचकला और पत्रकारिता: रंगमंच; संगीत-गायन, वादन (ताल वाद्य, तंत्र वाद्य) और नृत्य के कार्यक्रम संवाद लेखन और समीक्षा। चित्रकला (पेंटिंग, ग्राफिक, टेक् सटाल डिजाइन), शिल्पकला, स्थापत्य कला के कार्यक्रम: संवाद लेखन और समीक्षा।
- पर्यटन पत्रकारिता - प्रमुख धर्मिक स्थलों, स्मारकीय और प्राकृतिक सम्पदाओं का परिचय: संवाद लेखन और समीक्षा। छायाचित्र (फोटाग्राफी) और चित्र पत्रकारिताः जनसंचार माध्यम के रूप में छायाचित्र, छायाचित्र लेने की तरीके, उपकरण और प्रयोग की विधि।
- चित्र पत्रकारिता: सिद्धान्त और व्यवहार, चित्र सम्पादन, सचित्र रूपक (फीचर), प्रदर्शनी। चलचित्र (छायाछवि/फिल्म) पत्रकारिताः संचार माध्यम के रूप में फिल्म और विडियो, लघुफिल्म, वृत्तचित्र, धारावाहिक: परिचय और विकास; फिल्म पृष्ठ का आकल्पन और अभिविन्यास।

सहायक पुस्तकें

- पत्रकारिता का समाजशास्त्र - रविभूषण पांडेय
- मास कम्युनिकेशन इन इंडिया - कुमार केवल
- जनसंपर्क सिद्धान्त और व्यवहार - अर्जुन तिवारी
- समाचार पत्र व्यवसाय एवं प्रेस कानून - संजीव भानावत
- आधुनिक विज्ञापन - प्रेमचंद पातंजलि
- विज्ञापन व्यवसाय एवं कला - रामचन्द्र तिवारी
- जनसंपर्क प्रबन्धन - कुमुद शर्मा
- सूचना प्रौद्योगिकी और समाचार पत्र - रवीन्द्र शुक्ल, राजकमल प्रकाशन

सेमेस्टर - III

BH-HIN-CC-301-छायावादोत्तर हिंदी कविता

क्रेडिट - 6 **कुल अंक-150**

समय-3 घंटे, **परीक्षा अंक - 120, आंतरिक मूल्यांकन - 30**

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

छायावादोत्तर हिंदी कविता से परिचय

पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

- छायावाद के बाद की हिंदी कविता के विविध स्वरों का बोध होगा।
- स्वतंत्रता के बाद के समाज का यथार्थ तथा उसके प्रति लेखकों की सृजनात्मक प्रतिक्रिया ज्ञात होगी।
- समकालीन कविता की काव्य-शैलियों का परिचय प्राप्त होगा।

परीक्षा संबधी निर्देश - प्रश्न पत्र पांच खंडों में विभक्त होगा।

- **व्याख्या खंड** - पाठ्यक्रम में निर्धारित रचनाओं से दो पाठांश दिए जायेंगे। विद्यार्थी को किसी एक की संदर्भ सहित व्याख्या करनी होगी। इसके लिए 10 अंक निर्धारित हैं।
- **पाठ-बोध खंड -** पाठ्यक्रम में निर्धारित रचनाओं से एक पाठांश तथा तत्संबंधी 5 प्रश्न दिए जायेंगे। विद्यार्थी को उस पाठांश के आधार पर उत्तर देने होंगे। इसके लिए 10 अंक निर्धारित हैं।
- **समीक्षात्मक खंड -** पाठ्यक्रम में निर्धारित रचनाकारों के साहित्यिक परिचय, उनके साहित्य की विषयवस्तु, मूल संवेदना व रचना-सौष्ठव संबंधी पांच समीक्षात्मक प्रश्न पूछे जायेंगें। विद्यार्थी को किंही तीन का उत्तर देना होगा। प्रत्येक के लिए 16 अंक निर्धारित हैं।
- **लघूत्तरी खंड -** निर्धारित पाठ्यक्रम में से आठ लघूत्तरी प्रश्न पूछे जाएंगे। विद्यार्थी को इनमें से पांच के उत्तर (लगभग 150 शब्दों में) देने होंगे। प्रत्येक के लिए 8 अंक निर्धारित हैं।
- **वस्तुनिष्ठ खंड -** निर्धारित समस्त पाठ्यक्रम में से 12 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगें। विद्यार्थी को प्रत्येक का उत्तर देना होगा। इसमें कोई विकल्प नहीं होगा। इसके लिए 12 अंक निर्धारित हैं।

निर्धारित कवि व उनकी कविताएं

सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' - कलगी बाजरे की, यह दीप अकेला

गजानन माधव मुक्तिबोध - भूल गलती, जन जन का चेहरा एक

नागार्जुन - अकाल और उसके बाद, कालिदास

शमशेर बहादुर सिंह - सूना सूना पथ है, उदास झरना, वह सलोना जिस्म

भवानी प्रसाद मिश्र - कहीं नहीं बचे, गीत फरोश

कुँवर नारायण - नचिकेता, कविता

सर्वेश्वरदयाल सक्सेना - देश कागज पर बना नक्शा नहीं होता, हम ले चलेंगे

केदारनाथ सिंह - रचना की आधी रात, फर्क नहीं पड़ता

सहायक पुस्तकें

- मुक्तिबोधः प्रतिनिधि कविताएँ राजकमल प्रकाशन
- केदारनाथ सिहिः प्रतिनिधि कविताएँ राजकमल प्रकाशन
- सर्वेश्वर दयाल सक्सेना- कृष्णदत्त पालीवाल
- कुँवर नारायणः उपस्थिति- सं. यतीन्द्र मिश्र
- साहित्य और समकालीनता - राजेश जोशी
- आधुनिक साहित्य - नंददुलारे वाजपेयी
- निराला - राम विलास शर्मा
- आधुनिक साहित्य की प्रवृत्तियां - नामवर सिंह

BH-HIN-CC-302-भारतीय काव्यशास्त्र

क्रेडिट - 6 **कुल अंक-150**

समय-3 घंटे, **परीक्षा अंक - 120, आंतरिक मूल्यांकन - 30**

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

भारतीय काव्यशास्त्र से परिचय।

पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

- भारतीय साहित्य चिंतन के विभिन्न सिद्धातों का ज्ञान।
- भारतीय व पाश्चात्य साहित्य चिंतन में तुलनात्मक समझ की प्रेरणा।
- भारतीय सौंदर्यबोध के सैद्धांतिक व व्यावहारिक पक्षों का ज्ञान
- साहित्य समीक्षा की समझ में अभिवृद्धि

परीक्षा संबधी निर्देश - पाठ्यक्रम चार इकाइयों में विभक्त है। प्रश्न पत्र तीन खंडों में विभक्त होगा।

- **समीक्षात्मक प्रश्न -** निर्धारित पाठ्यक्रम में से 7 समीक्षात्मक प्रश्न पूछे जायेंगे। विद्यार्थी को 4 का उत्तर देना होगा। प्रत्येक के लिए 15 अंक निर्धारित हैं।
- **लघूत्तरी प्रश्न -** निर्धारित समस्त पाठ्यक्रम में से दस लघूत्तरी प्रश्न पूछे जाएंगे। विद्यार्थी को इनमें से छः के (लगभग 150 शब्दों में) उत्तर देने होंगे। प्रत्येक के लिए 8 अंक निर्धारित हैं।
- **वस्तुनिष्ठ प्रश्न -** निर्धारित समस्त पाठ्यक्रम में 12 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगें। विद्यार्थी को प्रत्येक का उत्तर देना होगा। इसमें कोई विकल्प नहीं होगा। प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित हैं।

पाठ्य विषय

- काव्य लक्षण, काव्य हेतु एवं काव्य प्रयोजन।
- रस सिद्धान्त - रस की अवधारणा, रस निष्पत्ति और साधारणीकरण।
- ध्वनि सिद्धान्त - ध्वनि की अवधारणा, ध्वनि का वर्गीकरण।
- अलंकार सिद्धान्त - अलंकार की अवधारणा, अलंकार और अलंकार्य, अलंकारों का वर्गीकरण
- रीति सिद्धान्त - रीति की अवधारणा, रीति एवं गुण, रीति का वर्गीकरण।
- वक्रोक्ति सिद्धान्त - वक्रोक्ति की अवधारणा, वक्रोक्ति एवं अभिव्यंजनावाद।
- औचित्य सिद्धांत - प्रमुख स्थापनाएं
- हिन्दी काव्यशास्त्र - रीतिकालीन आचार्यों का योगदान,
- आचार्य रामचंद्र शुक्ल की साहित्य संबंधी स्थापनाएं,
- प्रेमचंद की साहित्य संबंधी स्थापनाएं
- मुक्तिबोध की साहित्य संबंधी स्थापनाएं
- रवींद्रनाथ टैगोर की साहित्य संबंधी स्थापनाएं
- हाली की साहित्य संबंधी स्थापनाएं

सन्दर्भ पुस्तकें

- भारतीय काव्यशास्त्र- बलदेव उपाध्याय
- भारतीय काव्यशास्त्र- संपा. उदयभानु सिंह
- काव्य तत्त्व विमर्श- राममूर्ति त्रिपाठी
- भारतीय काव्यशास्त्र- सत्यदेव चौधरी
- काव्यांग दर्पण- डॉ. विजयबहादुर अवस्थी
- रस मीमांसा- रामचंद्र शुक्ल
- रस सिद्धांत- नगेन्द्र
- रस-सिद्धांतः स्वरूप और विश्लेषण- आनंदप्रकाश दीक्षित
- भारतीय काव्यशास्त्र की परंपरा- नगेन्द्र

BH-HIN-CC-303-पाश्चात्य काव्यशास्त्र

क्रेडिट - 6 **कुल अंक-150**

समय-3 घंटे, **परीक्षा अंक - 120, आंतरिक मूल्यांकन - 30**

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

पाश्चात्य काव्यशास्त्र से परिचय।

पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

- पाश्चात्य साहित्य चिंतन के विभिन्न सिद्धातों का ज्ञान।
- भारतीय व पाश्चात्य साहित्य चिंतन में तुलनात्मक समझ की प्रेरणा।
- पाश्चात्य समीक्षा पद्धतियों की सैद्धांतिक व व्यावहारिक ज्ञान

परीक्षा संबधी निर्देश - प्रश्न पत्र तीन खंडों में विभक्त होगा।

- **समीक्षात्मक प्रश्न -** निर्धारित पाठ्यक्रम में से 7 समीक्षात्मक प्रश्न पूछे जायेंगे। विद्यार्थी को 4 का उत्तर देना होगा। प्रत्येक के लिए 15 अंक निर्धारित हैं।
- **लघूत्तरी प्रश्न -** निर्धारित समस्त पाठ्यक्रम में से दस लघूत्तरी प्रश्न पूछे जाएंगे। विद्यार्थी को इनमें से छः के (लगभग 150 शब्दों में) उत्तर देने होंगे। प्रत्येक के लिए 8 अंक निर्धारित हैं।
- **वस्तुनिष्ठ प्रश्न -** निर्धारित समस्त पाठ्यक्रम में 12 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगें। विद्यार्थी को प्रत्येक का उत्तर देना होगा। इसमें कोई विकल्प नहीं होगा। प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित हैं।

पाठ्य विषय

- प्लेटो - काव्य संबंधी मान्यताएँ,
- अरस्तू - अनुकृति एवं विरेचन,
- लोंजाइनस - काव्य में उदात्त की अवधारणा
- वडर्सवर्थ - काव्य भाषा का सिद्धान्त,
- कॉलरिज - कल्पना और फैन्टेसी।
- क्रोचे - अभिव्यंजनावाद।
- टी.एस. एलियट - परम्परा और वैयक्तिक प्रतिभा, निर्वैयक्तिकता का सिद्धान्त
- मैथ्यू ऑरनाल्ड के साहित्य सिद्धांत
- आई.ए. रिचडर्स - मूल्य सिद्धान्त, सम्प्रेषण सिद्धान्त
- मार्क्सवादी समीक्षा,
- मनोविश्लेषणवादी समीक्षा
- यथार्थवाद
- आधुनिकता और उत्तर आधुनिकता

सन्दर्भ पुस्तकें

- पाश्चात्य काव्यशास्त्र की परंपरा- सं. नगेन्द्र, सावित्री सिन्हा
- पाश्चात्य समीक्षाशास्त्रः सिद्धांत और परिदृश्य- सं. नगेन्द्र
- प्लेटो के काव्य-सिद्धांत- निर्मला जैन
- अरस्तू का काव्यशास्त्र- सं. नगेन्द्र
- काव्य के उदात्त तत्त्व(भूमिका)- नगेन्द्र
- साहित्य सिद्धांत(अनूदित)- रेने वेलेक, आस्टिम, वारेन
- पाश्चात्य साहित्य-चिंतन- निर्मला जैन
- पाश्चात्य काव्यशास्त्र- देवेन्द्रनाथ
- संरचनावाद, उत्तरसंरचनावाद एवं प्राच्य काव्यशास्त्र- डॉ. गोपीचन्द नारंग

BH-HIN-SEC-304-रचनात्मक लेखन

क्रेडिट - 2 **कुल अंक-50**

समय- 2 घंटे, **परीक्षा अंक - 40, आंतरिक मूल्यांकन - 10**

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

रचनात्मक लेखन के सैद्धांतिक व व्यावहारिक पहलुओं से परिचय।

पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

- विभिन्न विधाओं व रुपों का सैद्धांतिक ज्ञान।
- विभिन्न विधाओं में लेखन क्षमता का विकास।
- रचनात्मक लेखन के विभिन्न तत्वों की जानकारी।

परीक्षा संबधी निर्देश - प्रश्न पत्र तीन खंडों में विभक्त होगा।

- **समीक्षात्मक प्रश्न** - निर्धारित पाठ्यक्रम में से 4 समीक्षात्मक प्रश्न पूछे जायेंगे। विद्यार्थी को 2 का उत्तर देना होगा। प्रत्येक के लिए 8 अंक निर्धारित हैं।
- **लघूत्तरी प्रश्न -** निर्धारित समस्त पाठ्यक्रम में से 7 लघूत्तरी प्रश्न पूछे जाएंगे। विद्यार्थी को इनमें से 4 के उत्तर देने होंगे। प्रत्येक के लिए 4 अंक निर्धारित हैं।
- **वस्तुनिष्ठ प्रश्न -** निर्धारित समस्त पाठ्यक्रम में 8 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगें। विद्यार्थी को प्रत्येक का उत्तर देना होगा। इसमें कोई विकल्प नहीं होगा। प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित हैं।

पाठ्य विषयः

रचनात्मक लेखन: स्वरूप एवं सिद्धांत

- भाव एवं विचार की रचना में रूपांतरण की प्रक्रिया
- विविध अभिव्यक्ति-क्षेत्र: साहित्य, पत्रकारिता, विज्ञापन, विविध गद्य अभिव्यक्तियाँ
- जनभाषा और लोकप्रिय संस्कृति
- लेखन के विविध रूप: मौखिक-लिखित, गद्य-पद्य, कथात्मक-कथेतर, नाटय -पाठय

रचनात्मक लेखन: भाषा-संदर्भ

- अर्थ निर्मिति के आधार: शब्दार्थ-मीमांसा, शब्द के प्राक-प्रयोग, नव्य-प्रयोग
- भाषिक संदर्भ: क्षेत्रीय, वर्ग-सापेक्ष, समूह-सापेक्ष

रचनात्मक लेखन: रचना-कौशल-विश्लेषण

- रचना-सौष्ठव: शब्द-शक्ति, प्रतीक, बिंब, अलंकार और वक्रताएं

विविध विधाओं की आधारभूत संरचनाओं का व्यावहारिक अध्ययन

- कविता: संवेदना, काव्यरूप, भाषा-सौष्ठव, छंद, लय, गति और तुक
- कथासाहित्य: वस्तु, पात्र, परिवेश एवं विमर्श
- नाटयसाहित्य: वस्तु, पात्र, परिवेश एवं रंगकर्म
- विविध गद्य-विधाएँ: निबंध, संस्मरण, व्यंग्य
- बाल साहित्य की आधारभूत संरचना

सूचना-तंत्र के लिए लेखन

- प्रिंट माध्यम: फीचर-लेखन, यात्रा-वृत्तांत, साक्षात्कार, पुस्तक-समीक्षा इलेक्टॉनिक माध्यम: रेडियो, दूरदर्शन, फिल्म पटकथा लेखन, टेलीविजन पटकथा लेखन

सहायक पुस्तकें

- इंटरनेट पत्रकारिता - सुरेश कुमार, तक्षशिला प्रकाशन
- हाइपर टेक्स्ट - वर्चुअल रियलिटी और इंटरनेट - जगदीश्वर चतुर्वेदी, अनामिका प्रकाशन
- फिल्म निर्देशन - कुलदीप सिन्हा
- साहित्य और सिनेमा : अंत संबंध और रूपांतरण - विपुल कुमार
- सिनेमा की सोच - अजय ब्रह्मात्मज
- सिनेमा के बारे में - जावेद अख्तर
- टेलिविजन की कहानी - श्याम कश्यप एवं मुकेश कुमार
- समाचार फीचर लेखन और संपादन कला - प्रो. हरिमोहन
- पत्रकारिता हेतु लेखन - डॉ. निशान्त सिंह, अर्चना पब्लिकेशन
- मीडिया लेखन : सिद्धांत और प्रयोग - मुकेश मानस, स्वराज प्रकाशन
- रेडियो प्रसारण - कौशल शर्मा, प्रतिभा प्रतिष्ठान

BH-HIN-GE-305-संपादन प्रक्रिया और साज सज्जा

क्रेडिट - 6 **कुल अंक-150**

समय-3 घंटे, **परीक्षा अंक - 120, आंतरिक मूल्यांकन - 30**

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

संपादन प्रक्रिया का ज्ञान।

पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

- समाचारों के सैद्धांतिक व व्यावहारिक पक्षों के ज्ञान में अभिवृद्धि होगी।
- जनसंचार के प्रिंट माध्यमों के लिए संपादन-लेखन की क्षमता विकसित होगी।
- इलेक्ट्रोनिक माध्यमों के लिए संपादन-लेखन की क्षमता विकसित होगी।
- समाचारों के प्रति आलोचनात्मक व खोजी दृष्टि का विकसित होगी

परीक्षा संबधी निर्देश - प्रश्न पत्र तीन खंडों में विभक्त होगा।

- **समीक्षात्मक प्रश्न** - निर्धारित पाठ्यक्रम में से 7 समीक्षात्मक प्रश्न पूछे जायेंगे। विद्यार्थी को 4 का उत्तर देना होगा। प्रत्येक के लिए 15 अंक निर्धारित हैं।
- **लघूत्तरी प्रश्न -** निर्धारित समस्त पाठ्यक्रम में से 10 लघूत्तरी प्रश्न पूछे जाएंगे। विद्यार्थी को इनमें से 6 के उत्तर (लगभग 150 शब्दों में) देने होंगे। प्रत्येक के लिए 8 अंक निर्धारित हैं।
- **वस्तुनिष्ठ प्रश्न -** निर्धारित समस्त पाठ्यक्रम में 12 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगें। विद्यार्थी को प्रत्येक का उत्तर देना होगा। इसमें कोई विकल्प नहीं होगा। प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित हैं।

पाठ्य विषयः

- सम्पादन: अवधारणा, उद्देश्य, आधारभूत तत्त्व, निष्पक्षता और सामाजिक संदर्भ, समाचार विश्लेषण, सम्पादन-कला के सामान्य सिद्धान्त।
- सम्पादक और उपसम्पादक: योग्यता, दायित्व और महत्त्व।
- समाचार मूल्य, लीड, आमुख, शीर्षक-लेखन आदि प्रत्येक दृष्टि से चयनित सामग्री का मूल्यांकन और सम्पादन। सम्पादन चिहन और वर्तनी पुस्तिका। प्रिंट मीडिया की प्रयोजनपरक शब्दावली।
- सम्पादकीय लेखन: प्रमुख तत्त्व एवं प्रविधि। सम्पादकीय का सामाजिक प्रभाव।
- समाचार पत्र और पत्रिका के विविध स्तम्भों की योजना और उनका सम्पादन। साहित्य और कला जगत की सामग्री के सम्पादन की विशेषताएँ। छायाचित्र, कार्टून , रेखाचित्र, ग्राफिक्स आदि का सम्पादन।
- हिन्दी के राष्ट्रीय और प्रांतीय समाचार पत्रों की भाषा, आंचलिक प्रभाव और वर्तनी की समस्याएँ।

- साज-सज्जा और तैयारी: ग्राफिक्स और आकल्पन के मूलभूत सिद्धान्त। मुद्रण के तरीके, दैनिक समाचार पत्र का पृष्ठ-निर्माण (डमी), पत्रिका की साजसज्जा, रंग-संयोजन।

सहायक पुस्तकें

- संचारभाषा हिन्दी - सूर्यकुमार दीक्षित, लोकभारती प्रकाशन
- पत्रकारिता हेतु लेखन - डॉ. निशान्त सिंह, अर्चना पब्लिकेशन
- मीडिया लेखन : सिद्धांत और प्रयोग - मुकेश मानस, स्वराज प्रकाशन
- पटकथा लेखन - मनोहरश्याम जोशी
- पटकथा लेखन - मन्नू भंडारी
- आकाशवाणी समाचार की दुनियाँ - संजय कुमार
- समाचार फ़ीचर लेखन एवं संपादन कला - प्रो. हरिमोहन
- प्रयोजनमूलक हिन्दी - विनोद गोदारे
- प्रयोजनमूलक हिन्दी : सिद्धांत और प्रयोग - दंगल झाल्टे
- प्रालेखन प्रारूप - शिवनाराय चतुर्वेदी, वाणी प्रकाशन

सेमेस्टर - IV

BH-HIN-CC-401-भाषा विज्ञान और हिंदी भाषा

क्रेडिट - 6 **कुल अंक-150**

समय-3 घंटे, **परीक्षा अंक - 120, आंतरिक मूल्यांकन - 30**

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

हिंदी भाषा व भाषा विज्ञान से परिचय।

पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

- हिंदी भाषा की संरचना व स्वरूप का त्ज्ञान।
- हिंदी भाषा के विविध रुपों व प्रयोगों का ज्ञान।
- भाषा विज्ञान के सिद्धांतों व व्यावहारिक पक्षों का ज्ञान।
- भाषा के बदलाव की दिशाएं व कारणों का बोध।

परीक्षा संबधी निर्देश - पाठ्यक्रम चार इकाइयों में विभक्त है। प्रश्न पत्र तीन खंडों में विभक्त होगा।

- **समीक्षात्मक प्रश्न -** निर्धारित पाठ्यक्रम की चारों इकाइयों में से आंतरिक विकल्प सहित एक-एक समीक्षात्मक प्रश्न पूछा जाएगा। विद्यार्थी को प्रत्येक का उत्तर देना होगा। प्रत्येक के लिए 15 अंक निर्धारित हैं।
- **लघूत्तरी प्रश्न -** निर्धारित समस्त पाठ्यक्रम में से दस लघूत्तरी प्रश्न पूछे जाएंगे। विद्यार्थी को इनमें से छः के (लगभग 150 शब्दों में) उत्तर देने होंगे। प्रत्येक के लिए 8 अंक निर्धारित हैं।
- **वस्तुनिष्ठ प्रश्न -** निर्धारित समस्त पाठ्यक्रम में 12 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगें। विद्यार्थी को प्रत्येक का उत्तर देना होगा। इसमें कोई विकल्प नहीं होगा। प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित हैं।

पाठ्य विषय

इकाई 1-

- भाषा: परिभाषा, विशेषताएँ, भाषा परिवर्तन के कारण, भाषा और बोली।
- भाषा विज्ञान का स्वरूप, भाषा विज्ञान का ज्ञान की अन्य शाखाओं से संबंध।

इकाई 2-

- स्वनिम विज्ञान: परिभाषा, स्वनों का वर्गीकरण - स्थान और प्रयत्न के आधार पर। स्वन परिवर्तन के कारण।
- रूपिम विज्ञान - शब्द और रूप (पद), पद विभाग - नाम, आख्यात, उपसर्ग और निपात।

इकाई 3-

- वाक्य विज्ञान - वाक्य की परिभाषा, वाक्य के अनिवार्य तत्त्व, वाक्य के प्रकार, वाक्य परिवर्तन के कारण।
- अर्थ विज्ञान - शब्द और अर्थ का संबंध, अर्थ परिवर्तन के कारण और दिशाएँ।

इकाई 4-

- हिंदी भाषा और उसकी बोलियां-उपबोलियां।
- खड़ी बोली की सामान्य विशेषताएँ।
- हिंदी भाषा के विविध रूप - राष्ट्रभाषा, राजभाषा, सम्पर्क भाषा।
- हिंदी की संविधानिक स्थिति।
- देवनागरी लिपि का मानकीकरण

सन्दर्भ पुस्तकें

- हिन्दी भाषा का संक्षिप्त इतिहास- भोलानाथ तिवारी
- भाषाशास्त्र की रूपरेखा- उदय नारायण तिवारी
- भाषा(हिन्दी अनुवाद)- लैनर्ड ब्लूम फील्ड
- भाषा विज्ञान- भोलानाथ तिवारी
- हिंदी भाषा का इतिहास- धीरेंद्र वर्मा
- हिंदी भाषाः स्वरूप और विकास- कैलाशचंद्र भाटिया
- हिंदी शब्दानुशासन - कामता प्रसाद गुरु
- हिन्दी भाषा संरचना के विविध आयाम- रवींद्रनाथ श्रीवास्तव

BH-HIN-CC-402-हिंदी उपन्यास

क्रेडिट - 6 **कुल अंक-150**

समय-3 घंटे, **परीक्षा अंक - 120, आंतरिक मूल्यांकन - 30**

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

हिंदी उपन्यास से परिचय।

पाठ्यक्रम के अपेक्षित परिणाम

- हिंदी गद्य की उपन्यास विधा से परिचित होंगे।
- उपन्यास विधा की विशिष्टता की समझ बढ़ेगी।
- हिंदी उपन्यासों के माध्यम से समाज के यथार्थ की आलोचनात्मक समझ बनेगी।
- सामाजिक समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता बढ़ेगी।

परीक्षा संबधी निर्देश - प्रश्न पत्र पांच खंडों में विभक्त होगा।

